<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 16.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- घाटशिला उपचुनाव में जीत पक्की करने के लिए राजनीतिक दलों ने कसी कमर, भाजपा ने आदित्य साहू को बनाया चुनाव प्रभारी, हेमंत सोरेन करेंगे झामुमो की बूथ और प्रखंड कमिटियों की बैठक।
- भाजपा ने राज्य सरकार पर लगाया धर्मांतरण को संरक्षण देने का आरोप, कांग्रेस ने किया पलटवार।
- राज्य के चार जिलों लातेहार, रांची, गिरिडीह और गुमला में नक्सली हिंसा के शिकार हुए लोगों के आश्रितों को मुआवजा देगी सरकार, गृह विभाग ने जारी किया आदेश।
- जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय ने 250 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जीवाड़े का किया खुलासा, मास्टरमाइंड को बोकारो से गिरफ्तार कर भेजा जेल।
- 5वीं इंडियन ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड का 11 सदस्यीय दल तेलंगाना पहुंचा, आज कई पदक दांव पर।

****

घाटशिला उपचुनाव में जीत पक्की करने के लिए राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। भाजपा ने उपचुनाव के मद्देनजर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू को चुनाव प्रभारी और अभय सिंह को चुनाव संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन घाटशिला में लगातार कैंप कर रहे हैं।

इधर, झामुमो ने भी पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री और पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन बूथ और प्रखंड कमिटियों के साथ बैठक करेंगे। श्री सोरेन ने कहा है कि घाटशिला उपचुनाव झामुमो के लिए काफी अहम है और पार्टी प्रत्याशी की जीत तय करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

****

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर धर्मांतरण को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि सरकार के प्रोजेक्ट भवन मुख्यालय और पुलिस मुख्यालय से सिर्फ 5 किलोमीटर दूर चांद गांव में गैर कानूनी तरीके से लंबे समय से धर्मांतरण का खेल चल रहा है। लेकिन तुष्टीकरण के कारण सरकार इस पर चुप है।

****

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने भाजपा के इस आरोप पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि धर्मांतरण का मुद्दा भाजपा का प्रोपगेंडा है।

****

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई के एक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने देश की सुरक्षा को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

****

राज्य के चार जिलों लातेहार, रांची, गिरिडीह और गुमला में नक्सली हिंसा के शिकार हुए लोगों के आश्रितों को मुआवजा दिया जाएगा। राज्य के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने संबंधित जिलों के डीसी को मुआवजे की राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से करने का निर्देश दिया है।

****

जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय –डीजीजीआई, जमशेदपुर की टीम ने 250 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए सिंडिकेट के मास्टरमाइंड लोहा कारोबारी प्रदीप कलबलिया को जेल भेज दिया है। डीजीजीआई की टीम ने लंबी मशक्कत के बाद प्रदीप कलबलिया को बोकारो के चास स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के दौरान प्रदीप के ठिकाने से 50 लाख रुपये से अधिक नकद और घोटाले से जुड़े कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर सुधार का असर झारखंड में भी पड़ा है। खासकर त्योहारी सीजन में लोगों को इसका खासा लाभ मिल रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष धनतेरस और दीपावली के बाजारों में रौनक कुछ ज्यादा ही दिखायी पड़ रही है।

****

साहिबगंज जिले में भी केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती का असर दिखायी पड़ रहा है। त्योहारी सीज़न में बाजारों में रौनक देखी जा रही है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी सुधार के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, खिलौने समेत अन्य सामानों की मांग बढ़ी है।

****

गुमला जिले में सभी पात्र परिवारों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से शत–प्रतिशत आच्छादित करने के उद्देश्य से विशेष आयुष्मान कार्ड शिविर अभियान चलाया जा रहा है।

****

बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में लगभग आधा प्रतिशत चढ़ गए। ताज़ा रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 450 अंक बढ़कर 83 हजार 48 पर और निफ्टी 135 अंक बढ़कर 25 हजार 459 पर पहुंच गया।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 18 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 92 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

5वीं इंडियन ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड का 11 सदस्यीय दल तेलंगाना पहुंच गया है। राज्य के खिलाड़ी आज कई पदकों के लिए जोर लगायेंगे। राज्य के एथलीटों को खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर समेत खेल संघों के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं। यह प्रतियोगिता 18 अक्तूबर तक जारी रहेगी।

*******समाप्त*******